गणित ऑलम्पियाड

चर्चा में क्यों?

25 अगस्त, 2021 को छत्तीसगढ़ के **स्कूल शिक्षा विभाग** द्वारा प्रदेश भर में संचालित **स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की उपलब्धियों का ऑनलाइन आंकलन करने हेतु गणित विषय के ऑलम्पियाड का आयोजन** किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस ऑलम्पियाड में 10 हज़ार 466 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें प्राथमिक स्तर के 2411, माध्यमिक स्तर के 3860, हाईस्कूल स्तर के 3045 और हायर सेकेंडरी स्तर के 1149 विद्यार्थी शामिल हुए।
- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 19 अगस्त को विज्ञान विषय के ऑलम्पियाड में 7 हज़ार 232 विद्यार्थी शामिल हुए थे।
- आंकलन को **चार स्तर- प्राथमिक स्तर कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक, माध्यमिक स्तर कक्षा 6वीं से 8वीं तक, हाई स्कूल स्तर कक्षा 9वीं एवं 10वीं और हायर सेकेंडरी स्तर कक्षा 11 एवं 12वीं में** विभाजित किया गया है।
- इसमें आंकलन कार्य पूर्ण होते ही विद्यार्थियों के प्राप्तांक के आधार पर विद्यालय, ज़िला एवं राज्य स्तर पर विद्यार्थियों की रैंकिंग कर विद्यार्थियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश भर में इन अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूलों के बच्चों की उपलब्धियों का आंकलन विज्ञान, गणित और अंग्रेज़ी विषय के ऑलम्पियाड के माध्यम से किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mathematics-olympiad